







## एक नजर में

### बलवाड़ा बागोद फाटा पर होने वाली भागवत ज्ञान गंगा की तैयारियां प्रारंभ

**बड़वाह ( बलवाड़ा ) ।** हनुमान मंदिर समीती बागोद फाटा बलवाडा की ओर से 21 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक होने वाली भागवत ज्ञान गंगा समारोह की तैयारी जोरो पर समीती के सदस्य सोनु मराठा ने बताया की बलवाड़ा में मंडी प्रांगण में दिनांक 21 जनवरी से भागवत ज्ञान गंगा का आयोजन प्रतीदिन दोपहर 12:00 से 4 बजे से किया जायेगा ।कार्यक्रम तैयारी चल रही है कथा पुजा शर्मा दीदी इंदौर के मुखारविंद से भागवत कथा कि जाएगी तथा रात में आसपास के क्षेत्र से आए हुए कलाकार अपनी सुंदर प्रस्तुति देंते हे यह कथा पुर्ण रूप से सार्वजनिक होती है ।27 जनवरी को दोपहर 1 बजे कथा समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है जिसमें करीब पांच हजार से आधिक लोगों को आने की संभावना है ।

### दृष्टि बाधित निशुल्क आवासीय विद्यालय सुराना नगर बड़वाह में आयोजन

**बड़वाह, निप्र ।** शासन के निर्देश अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था को आदेश प्राप्त हुआ कि एक सप्ताह पूर्व विश्व विकलांग दिवस मनाया जाना है जिसके अंतर्गत शनिवार को मां नर्मदा मूक बधिर एवं दृष्टि बाधित निशुल्क आवासीय विद्यालय सुराना नगर बड़वाह में आयोजन हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि बी आर सी महोदय मेवाराम बर्मन विशाल सोनी, मोबाइल स्त्रोत सलाहकार आलोक चंद्रवंशी ने सरस्वती वंदना नेत्रहीन बालकों द्वारा कर सरस्वती पूजन किया , जिसमें सर्वप्रथम 6 से 10 वर्ष मूक बधिर बालकों द्वारा नींबू रेस जिसमें प्रथम स्थान सुमित द्वितीय विकास , बालिकाओं में प्रथम नंदनी , द्वितीय प्रियंका , 10 से 15 वर्ष में नींबू रेस बालक प्रथम दीपक , द्वितीय सुमित 50 मीटर रेस में दृष्टि बाधित बालक प्रथम अरविंद , द्वितीय अमर 100 मीटर दृष्टि बाधित रेस में प्रथम स्थान राहुल , द्वितीय कार्तिक 100 मीटर रेस में बालक प्रथम मुकेश , द्वितीय विनोद बालिकाओं में प्रथम आंचल द्वितीय निहारिका नेत्र हीन बालकों में चेयर रेस में प्रथम सतीश द्वितीय राहुल बालिकाओं में प्रथम नान बाई द्वितीय हीना रही ।गोला फेक में मूक बधिर बालक दीपक द्वितीय सावन रहा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका रही एवं द्वितीय स्थान आंचल खुशी की रही चित्र कला में प्रथम निहारिका द्वितीय नंदिनी रही । विद्यालय के प्राचार्य विजय मालवीय, स्टॉप श्री मति इंद्रा जोशी , श्रीमती रानू कड़ोले, खुशबू वानखेड़े, अर्पिता कामले, पारुल कदम , पराग कदम , दीपमाला मालवीय , सरदार मेहता , दिलीप कदम सभी कार्यक्रम संस्था के संचालक संजय कदम की उपस्थित पर किया गया ।

### श्रीमद भागवत गीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**कसरावद, निप्र ।** जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं एसडीएम सत्येंद्र बेरवा (पदेन अधीक्षक सब जेल कसरावद) के मार्गदर्शन में गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद्भागवतगीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगता में सब जेल कसरावद से 11 बंदी सम्मिलित हुए जिन्होंने ऑफलाइन मोड में परीक्षा में सम्मिलित होकर 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हल किए ।प्रतियोगिता के दौरान पीएलवी अकील ख़ान, देवदत्त एक्कल, जेलर धर्मवीर सिंह उमरैया तथा समस्त जेल स्टाफ़ उपस्थित रहे ।

### जेल स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया



**कसरावद, निप्र ।** जेल मुख्यालय के निर्देशानुसार सब जेल कसरावद में दिनांक-26/11/2025 को संविधान दिवस मनाया गया ।संविधान दिवस के अवसर पर जेलर धर्मवीर सिंह उमरैया के द्वारा सभी बंदियों और जेल स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया ।कार्यक्रम में पीएलवी श्री अकील ख़ान , श्री देवदत्त एक्कल, जेलर धर्मवीर सिंह उमरैया एवं समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे ।

### 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के युक्तिकारण के प्रस्ताव आयोग द्वारा उक्त प्रस्ताव स्वीकृत कर दिए गए हैं

**कसरावद, निप्र ।** शनिवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 184 कसरावद में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के संबंध में कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो की बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक श्री सत्येंद्र बेरवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कसरावद द्वारा ली गई । जिसमें मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के त्रुटि रहित गणना फॉर्म भरकर डिजीटाइजेशन का कार्य प्रत्येक मतदान केंद्र पर शत प्रतिशत करने हेतु समीक्षा की गई। उपस्थित प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रवार शेष रहे मतदाताओं की जानकारी दी गई उनसे अनुरोध किया गया कि आपके बीएलए - 2 के माध्यम से मतदाताओं के गणना फॉर्म मतदाताओं से प्राप्त करने में बीएलओ की सहायता करें । ताकि अंतिम दिनांक से पूर्व शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज हो सके एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कसरावद द्वारा 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के युक्तिकारण के प्रस्ताव आयोग द्वारा उक्त प्रस्ताव स्वीकृत कर दिए गए हैं । प्रतिनिधियों को अवगत करा दिया गया है ।जिन मतदान केंद्रों का विभाजन हुआ है उन्हें क्रमानुसार बताया गया। बैठक में श्री कैलाश डामर तहसीलदार कसरावद श्री मुकेश मचार ARO कसरावद निर्वाचन शाखा प्रभारी विजय कुमार वर्मा उपस्थित थे ।

### ट्रको की जोरदार भिड़ंत में चालक स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंसा, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

**बड़वाह, निप्र ।** नगर से करीब 7 किमी काटकूट रोड पर ट्रक और डंपर की भिंडत हो गई ।जोरदार टक्कर से ट्रक का अगला हिस्सा दब गया और चालक स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया ।पुलिस की सहायता से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे किसी तरह बाहर निकाला गया ।जिसके बाद पुलिस उसे बड़वाह सिविल अस्पताल उपचार हेतु ले गई ।जहां प्राथमिक उपचार किया गया ।घटना लगभग दोपहर 2 बजे की है ।चालक योगेश पिता उमाशंकर यादव( 36 )निवासी रायसेन ट्रक लेकर खातेगांव सामान भरने जा रहा था ।तभी जगतपुरा के पहले मोड़ पर सामने से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी ।टक्कर बेहद जोरदार थी ।जिसमें ट्रक में सवार योगेश स्टेयरिंग के पीछे फंस गया था । ट्रक का अगला हिस्सा भी दब गया था ।इस दौरान मार्ग से निकल रहे राहगीर मदद के लिए आगे आए ।बड़वाह निवासी प्रवीण शर्मा ने चालक को बाहर निकालने की कोशिश की,लेकिन नहीं निकल पाया ।इसके बाद उन्होंने बड़वाह पुलिस को सूचना दी ।पुलिसकर्मियों ने ट्रक के केबिन में फंसे ड्राइवर को निकालने के लिए क्रेन को बुलवाया । क्रेन की सहायता से ट्रक का अगला हिस्सा खींचा ।गया ।जिसके बाद चालक योगेश ट्रक से बाहर निकल पाया ।बड़वाह सिविल आसपास में प्रथम उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई ।इसे हाथ में चोट सी है ।इधर डंपर चालक रवि नायक ने बताया कि डंपर में गिट्टी भरी थी और वह बड़वाह आ रहे थे ।

# इंस्ट्रीयल एरिया निमरानी में यूरिया का मिला अवैध भंडारण, गोदाम सील

## मिलावटी यूरिया की आशंका में जब्त किया आयशर, महाकाल ट्रेडर्स संचालक के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर






**नवभारत न्यूज**

**खरगोन ।** कसरावद तहसील के औद्योगिक क्षेत्र निमरानी में जिला प्रशासन और कृषि विभाग अमले ने बड़ी कार्रवाई कर यूरिया के अवैध भंडारण और व्यापार का खुलासा किया है। कंपनी से 300 बोरी से भरी आयशर वाहन सहित करीब 400 बोरी यूरिया बिना लेवल की मिली है, जो अमानक होने का संदेह जताया जा रहा है, हालांकि प्रशासनिक अमले ने सैंपल लेकर नमूने जांच के लिए भेजे है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार महाकाल ट्रेडर्स अंकित गोदाम खसरा नं. 400/ 401 पर उर्वरक के अवैध भंडारण एवं उपयोग की शिकायतों पर प्रशासनिक एवं कृषि अमले ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोदाम में यूरिया उर्वरक का अवैध भंडारण, परिवहन, कालाबाजारी, छलकपट एवं धोखाधड़ी पाई गई। निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कसरावद ने थाना बलकवाड़ा में महेंद्र पिता हाजाभाई डाफडा, निवासी वास कडोल, कच्छ, गुजरात एवं फेक्ट्री पर कार्यरत कर्मचारी सत्यराज सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। कृषि विस्तार अधिकारी और उर्वरक निरीक्षक ब्रजेश सेंगर ने बताया मौके पर खड़ी आयशर गाड़ी क्रमांक एमपी 09 जीएफ 2437, वाहन के समस्त दस्तावेज सहित खलटांका पुलिस चौकी को सुपुर्द किया है। वाहन में 300 से अधिक बोरी यूरिया भरी हुई मिली। इसके अलावा कंपनी परिसर में लगभग 400 बोरी यूरिया बिना नाम व लेबल के भंडारण की गई थी। मामला संभावित मिलावट व कालाबाजारी की ओर इशारा करता है। वाहन और बरामद यूरिया को पुलिस के सुपर्द किया है तथा कंपनी को सील कर दिया गया। यूरिया के नमूना लेकर परीक्षण हेतु सहायक परीक्षण अधिकारी, उर्वरक गुण नियंत्रण परीक्षण प्रयोगशाला इन्दौर भेजा गया है।

### विधानसभा-183 महेश्वर के 10 बीएलओ ने मतगणना पत्रकों का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया

**खरगोन, निप्र ।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-183 महेश्वर के सेक्टर क्रमांक 15 के सभी 10 मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा समय सीमा से पूर्व शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य करने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री पूर्वा मंडलोई द्वारा सम्मानित किया गया है ।उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ को मतदाताओं के घर-घर वितरित गणना फॉर्मों को त्रुटिरहित भरवाकर 04 दिसम्बर 2025 तक डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करना था ।सेक्टर 15 के सभी 10 बीएलओ ने कड़ी मेहनत कर निर्धारित समयसीमा से 7 दिन पूर्व यानी 28 नवम्बर 2025 तक शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर लिया। ईआरओ सुश्री मंडलोई ने बीएलओ की इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया और निर्देश दिए कि अपने अनुभव के आधार पर अपने नजदीकी मतदान केंद्रों के बीएलओ का सहयोग करें। सम्मान समारोह में निर्वाचन सुपरवाइजर श्री मानसिंह चौहान, मास्टर ट्रेनर श्री ब्रजेश पटवारी, श्री महेश पाटीदार, श्री श्रीराम पाटीदार , सेक्टर-15 के अधिकारी श्री राजकुमार सराफ, सुपरवाइजर श्री राकेश पाटीदार एवं निर्वाचन शाखा से सहायक प्रोग्रामर श्री रविंद्र सिंह चौहान, श्री विजय सोलंकी, श्री जितेंद्र शर्मा एवं पूजा उपाध्याय उपस्थित रहे।



# 1 दिसंबर को राधाकुंज परिसर में मनाया जाएगा गीता महोत्सव

## 1100 से अधिक जनमानस की उपस्थिति में किया जायेगा सामूहिक गीता पाठ







**खरगोन, निप्र ।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती उत्सव मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठोर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि 01 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे राधाकुंज परिसर नूतन नगर खरगोन में गीता महोत्वस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश शाक्य द्वारा बताया गया की शासन निर्देशों के अनुक्रम में श्रीमद्भगवत गीता के 15वे अध्याय का जिला स्तर पर 1100 एवं विकासखंड स्तर पर 500-500 गीता पाठियों द्वारा पाठ किया जायेगा। 07 से 28 नवम्बर, 2025 के मध्य श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कारावास में निरुद्ध बंदियों की भागीदारी भी की गयी।

बैठक नोडल अधिकारी श्री नीरज अमझरे ने बताया की संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के वीर भारत न्यास द्वारा श्रीमद्भगवद् गीता पर केन्द्रित पुस्तकों का प्रकाशन कराया गया है, जिसका वितरण मुख्य कार्यक्रम में कराया जायेगा। इस अवसर पर श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। सभी शासकीय अशासकीय कृष्ण मंदिरों, न्यास, गोपालक संस्थाएँ एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं सभी श्रीकृष्ण मंदिरों की साफ-सफाई, श्रृंगार एवं रोशनी की जाये। बैठक में जेल उप अधीक्षक श्रीमती सुभद्रा ठाकुर, गीता गंगा ट्रस्ट, विष्णु सहस्त्रनाम परिवार, गायत्री परिवार, स्वाध्याय परिवार, प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी, इस्कान परिवार, विद्वत परिषद्, गीता परिवार, सकल हिन्दू समाज, संस्कृत भारती एवं गीता अध्यन मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इंदौर में पत्रकारों पर हमले पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**खरगोन, निप्र।** इंदौर आरटीओ कार्यालय में पत्रकार हेमंत शर्मा और उनके कैमरा मैन पर 28 नवंबर को हुए जानलेवा हमले की घटना पर शहर के पत्रकारों ने भी आक्रोश दर्ज कराया है। शहर के पत्रकारों ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पुरोहित ने किया।

पत्रकारों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि आरटीओ कार्यालय के भीतर पत्रकारों पर हमला न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार है, बल्कि भ्रष्टाचार उजागर करने वालों को डराने का प्रयास भी है। पत्रकारों ने कहा कि यह घटना किसी व्यक्तिगत विवाद का परिणाम नहीं, बल्कि आरटीओ में लंबे समय से चल रही अवैध वसूली व दलाली प्रणाली का उजागर होना है, जिसके प्रतिशोध में यह हमला किया गया। पत्रकारों ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई कार्रवाई की मांग के साथ ही आरटीओ कार्यालय में सक्रिय दलालों व संदिग्ध कर्मचारियों की पद स्थापनाओं की समीक्षा कर उन्हें तत्काल हटाने जाने की मांग की है। इस दौरान पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की वर्षों पुरानी मांग पर भी ध्यान आकृष्ट कराया है। प्रेस क्लब खरगोन सिटी अध्यक्ष राजकुमार सोनी, राकेश जायसवाल, उमेश रेवलिया, रामेश्वर बड़ोले, अनवर जिंद्रान, ओम रामणेकर, सदाशिव वर्मा, विजय मोरे, चंद्रशेखर कर्मा, हर्ष गुप्ता, आमिर शेख, शुभम बगलाने, साजिद शेख, शकील शेख, अबूबकर जिया, विष्णु वाघे, आशीष गुप्ता, करण चौहान आदि पत्रकार मौजूद रहे।



**एक नजर में** — **प्राचार्य और वार्डन से की बदतमीजी**

# महामंडलेश्वरश्री दीनबंधुदास की अमृत वाणी से श्रद्धालुओं को रसपान कराया गया

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र ।** महाकाल की नगरी पाऊं जन्म दुबारा बाबा भोलेनाथ है हमारा हमारा भजलो दादाजी का नाम,भजलो हरिहर जी का नाम से नावघाटखेड़ी स्थित दादाजी धाम गूंज गुजमान हो उठा । श्रीश्री 1008 बड़े दादाजी महाराज का 95 वां समाधि उत्सव महापर्व श्री श्री 1008 छोटे सरकार के सानिध्य में आयोजित महोत्सव में साप्ताहिक भविष्य पुराण कथा महोत्सव के पांचवे दिवस अनन्त श्री विभूषित श्रीमदजगतगुरु द्वाराचार्य श्री अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूकपीठाधीश्वर श्री राजेन्द्रदास महाराज के कृपा पात्र महामंडलेश्वरश्री दीनबंधुदास की अमृत वाणी से श्रद्धालुओं को रसपान कराया गया ।

**कलयुग के राजवंश राजा विक्रमादित्य जो कि भगवान विष्णु के भी अंश से प्रकट हुए थे :** पूराण के पाचवे दिन कथावाचक दिनबंधु महाराज ने चारों युगों (सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग) के राजाओं और राजवंशों का वर्णन किया है, जिसमें हर युग की सामाजिक व्यवस्था,कर्म और आचरण के महत्व को दर्शाया गया है । उन्होंने कहा कलयुग के राजवंश राजा विक्रमादित्य जो कि भगवान विष्णु के भी अंश से प्रकट हुए थे,उनका विस्तृत वर्णन किया । जिसमें आदिशक्ति माता पार्वती जी ने बेताल को उनकी सुरक्षा के लिए भेजौ । बेताल विक्रमादित्य का साथ एक पल भी नही छोड़ता थौ । बेताल विक्रमादित्य की परीक्षा इसलिए लेता था कि वो एक सफल राजा बन सकैं । इसलिए वे ज्ञान वर्धक कहानिया सुनाया सकते थे जो विक्रम बेताल के नाम से प्रसिद्ध है । इस अवसर पर भजनों पर श्री श्री 1008 छोटे सरकार के साथ भक्त भजनों पर खूब थिरकैं । अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया ।

**2 दिसम्बर को कथा का समापन होगा:** प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कथा का वाचन दीनबन्धुदास महाराज द्वारा किया जा रहा है । 2 दिसम्बर को दोपहर में कथा का समापन होगौ । इसके बाद धूमधाम से 3 दिसबर को जन्मोत्सव मनाया जाएगौ । यह पूरा आयोजन कार्यक्रम श्री छोटे सरकार जी के दिशा निर्देशन में ही किया जा रहा है । जन्मोत्सव में सम्मिलित होने के लिए राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा,महाराष्ट्र,समेत अनेक प्रांतो से भक्तगण दादाजी धाम में पहुंचना शरू हो गए है । दादाजी धाम को गेंदे गुलाब मोगरा सहित कई प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है ।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में हर साल भक्त पहुंचते हैं ।

